NEXT IAS

नैतिकता, सत्यनिष्ठा और अभिरुचि

सिविल सेवा परीक्षा 2027

MADE EASY PUBLICATIONS
द्वारा प्रकाशित

MADE EASY Publications Pvt. Ltd.
कॉर्पोरेट कार्यालयः 44-A/4, कालू सराय
(हौज़ ख़ास मेट्रो स्टेशन के निकट), नई दिल्ली-110016
संपर्क सूत्रः 011-45124660, 8860378007
ई-मेल करें: infomep@madeeasy.in
विज़िट करें: www.madeeasypublications.org

नैतिकता, सत्यनिष्ठा और अभिरुचि

© कॉपीराइटः Made Easy Publications Pvt. Ltd.

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन के किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, पुनर्मुद्रण, प्रस्तुतीकरण और किसी ऐसे यंत्र में संग्रहण नहीं किया जा सकता, जिससे इसकी पुनर्प्राप्ति की जा सकती हो अथवा इसका स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम (इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी अन्य प्रकार) से उपर्युक्त उल्लिखित प्रकाशक की लिखित पूर्वानुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

प्रथम संस्करणः 2024
द्वितीय संस्करणः 2025
तृतीय संस्करणः 2026

विषयसूची

नैतिकता, सत्यनिष्ठा और अभिरुचि

अध्याय 1

नीतिशास्त्र तथा मानवीय सह-संबंध
(Ethics and Human Interface) 1

1.1 नीतिशास्त्र का परिचय (Introduction to Ethics) 1
- 1.1.1 नीतिशास्त्र का विकास (Evolution of Ethics) 1
- 1.1.2 नीतिशास्त्र के अध्ययन की आवश्यकता (Need to Study Ethics) 3
- 1.1.3 नीतिशास्त्र में विभिन्नता (Differentiating Ethics) 4
- 1.1.4 सही और गलत के स्रोत (Sources of Right and Wrong) 5

1.2 नैतिक निर्णयन (Ethical Decision Making) 6
1.3 नीतिशास्त्र के आयाम (Dimensions of Ethics) 6
1.4 गैर-मानकीय दृष्टिकोण (Non-Normative Approaches) 7
- 1.4.1 अधि-नीतिशास्त्र (Meta Ethics) 7

1.5 मानकीय नीतिशास्त्र (Normative Ethics) 7
- 1.5.1 सामान्य मानकीय नीतिशास्त्र (General Normative Ethics) 7
- 1.5.2 व्यावहारिक या अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र (Applied Ethics) 10

1.6 सार्वजनिक और निजी संबंधों में नीतिशास्त्र (Ethics in Public and Private Relationships) 18

अध्याय 2

मूल्य (Values) 20

2.1 परिचय (Introduction) 20
- 2.1.1 परिभाषा (Definition) 20

2.2 मूल्यों के प्रकार (Types of Values) 21
- 2.2.1 पदानुक्रमिक व्यवस्था (Hierarchical Arrangement) 21

2.3 मूल्यों की मुख्य विशेषताएँ (Main Features of Values) 22
2.4 मूल्यों का महत्त्व (Importance of Values) 22
2.5 मूल्यों के कार्य (Functions of Values) 22
2.6 मूल्यों की सार्वभौमिकता (Universality of Values) 23
- 2.6.1 सार्वभौमवाद बनाम सापेक्षवाद (Universalism v/s Relativism) 23
- 2.6.2 सार्वभौमिक मूल्य (Universal Values) 23

2.7 मूल्यों को अंतर्निविष्ट करना (Inculcating Values) 24
2.8 समसामयिक विश्व में मूल्य संकट (Value Crisis in Contemporary World) 27
- 2.8.1 परिचय (Introduction) 27
- 2.8.2 मूल्य संकट के कारण (Reasons for Value Crisis) 28

2.9 मूल्यों की पुनर्स्थापना (Restoration of Values) 29
2.10 प्रमुख व्यक्तित्व से सीख (Lessons from Personalities) 29
- 2.10.1 भारतीय नेतृत्वकर्ता (Indian Leaders) 29
- 2.10.2 विश्व के अन्य देशों के नेतृत्वकर्ता (Leaders around the World) 37

अध्याय 3

अभिवृत्ति (Attitude) 39

3.1 परिचय (Introduction) 39
- 3.1.1 परिभाषा (Definition) 39
- 3.1.2 अवयव (Components) 39
- 3.1.3 तुलना (Comparison) 39

3.2 अभिवृत्ति के प्रकार (Types of Attitude) 40
3.3 अभिवृत्ति के कार्य (Functions of Attitude) 41
3.4 अभिवृत्ति की विशेषताएँ (Properties of Attitude) 41
3.5 नैतिक अभिवृत्ति (Moral Attitude) 42
3.6 अभिवृत्ति-व्यवहार संबंध (Attitude-Behaviour Relationship) 42

3.7 पूर्वाग्रह और भेदभाव (Prejudice and Discrimination) 43
3.7.1 पूर्वाग्रह (Prejudice) 43
3.7.2 भेदभाव (Discrimination) 44
3.8 सिविल सेवा में अभिवृत्ति (Attitude in Civil Services) 44
3.9 अभिवृत्ति निर्माण के सिद्धांत (Theories of Attitude Formation) 45
3.10 संज्ञानात्मक विसंगति (Cognitive Dissonance) 46
3.11 सामाजिक प्रभाव (Social Influence) 46
3.11.1 परिचय (Introduction) 46
3.11.2 स्रोत (Sources) 46
3.11.3 प्रकार (Types) 47
3.11.4 सामाजिक प्रभाव के सिद्धांत (Principles of Social Influence) 48
3.12 अनुनयन या अनुनय (Persuasion) 48
3.12.1 प्रक्रिया (Process) 49
3.12.2 अनुनयन और अभिवृत्ति परिवर्तन (Persuausion and Attitude Change) 49
3.12.3 किसी व्यक्ति को अधिक अनुनयात्मक बनाने वाले कारक (Factors Making an Individual more Persuasive) 50
3.12.4 अनुनयन का विरोध (Resisting Persuasion) 51

अध्याय 4

सिविल सेवा के लिए अभिरुचि (अभिक्षमता) और बुनियादी मूल्य

(Aptitude and Foundational Values for Civil Service) 53
4.1 अभिरुचि या अभिक्षमता (Aptitude) 53
4.2 सिविल सेवाओं के आधारभूत मूल्य (Foundational Values of Civil Services) 53
4.3 सिविल सेवाओं में मूल्यों पर द्वितीय एआरसी (2nd ARC on Values in Civil Services) 57

अध्याय 5

भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence) 59
5.1 भावनाओं का परिचय (Introduction to Emotions) 59
5.1.1 परिभाषा (Definition) 59
5.1.2 पॉल एकमैन की आधारिक मूल भावनाएँ (Paul Ekman's Basic Emotions) 59
5.1.3 भावना के कार्य (Functions of Emotion) 59
5.2 भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence) 61
5.2.1 परिचय (Introduction) 61
5.2.2 परिभाषाएँ (Definitions) 62
5.3 भावनात्मक बुद्धिमत्ता का महत्त्व (Significance of EI) 66
5.4 कार्यस्थल पर भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence at Work Place) 68
5.5 शासन में भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence in Governance) 68
5.6 भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नेतृत्व (Emotional Intelligence and Leadership) 69
5.7 भावनात्मक बुद्धिमत्ता के नकारात्मक पक्ष (Downsides of Emotional Intelligence) 70

अध्याय 6

नैतिक विचारक और दार्शनिक

(Moral Thinkers and Philosophers) 72
6.1 परिचय (Introduction) 72
6.2 पाश्चात्य (Western) 72
6.2.1 सुकरात (Socrates) 72
6.2.2 प्लेटो (Plato) 72
6.2.3 अरस्तू (Aristotle) 73
6.2.4 इमैनुअल कांट (Immanuel Kant) 74
6.2.5 जेरेमी बेंथम (Jeremy Bentham) 75
6.3.6 जॉन स्टुअर्ट मिल (John Stuart Mill) 76
6.2.7 एपिकुरस (Epicurus) 77
6.2.8 थॉमस हॉब्स (Thomas Hobbes) 78
6.2.9 जॉन लॉक (John Locke) 78
6.2.10 जीन-जैक्स रूसो (Jean-Jacques Rousseau) 79
6.2.11 जॉन रॉल्स (John Rawls) 80
6.2.12 कन्फ्यूशियस (Confucius) 81
6.2.13 कार्ल मार्क्स (Karl Marx) 82
6.2.14 हेगेल (Hegel) 83
6.2.15 कैरोल गिलिगन (Carol Gilligan) 84
6.2.16 थॉमस जेफरसन (Thomas Jefferson) 84
6.2.17 थॉमस एक्विनास (Thomas Aquinas) 85

6.5.18 एल्टन मेयो (Elton Mayo)....86
6.5.19 मैरी पार्कर फॉलेट (Mary Parker Follett).....87
6.5.20 मैक्स वेबर (Max Weber)....88
6.5.21 डायोजनीज (Diogenes) 89
6.5.22 हेनरी डेविड थोरो (Henry David Thoreau) .90
6.5.23 जॉन डेवी (John Dewey) 91
6.5.24 विलियम जेम्स (William James) 91
6.5.25 आर्थर शोपेनहावर (Arthur Schopenhauer) .92
6.5.26 ऑगस्टीन ऑफ हिप्पो (Augustine of Hippo)93
6.5.27 मैकियावेली (Machiavelli) 93
6.5.28 मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट (Mary Wollstonecraft) .94

6.3 भारतीय (Indian)....95
6.3.1 आदि शंकराचार्य (Adi Shankaracharya) 95
6.3.2 चाणक्य (Chanakya)....96
6.3.3 महात्मा गाँधी (Mahatma Gandhi) 97
6.3.4 बुद्ध (Buddha)....97
6.3.5 स्वामी दयानंद सरस्वती (Swami Dayanand Saraswati)....99
6.3.6 स्वामी विवेकानंद (Swami Vivekananda)....99
6.3.7 राजा राममोहन रॉय (Raja Ram Mohan Roy) 100
6.3.8 दलाई लामा (Dalai Lama)....101
6.3.9 तिरुवल्लुवर (Thiruvalluvar)....102
6.3.10 रवींद्रनाथ टैगोर (Rabindranath Tagore)...103
6.3.11 अरबिंदो घोष (Aurobindo Ghosh)....104
6.3.12 जवाहरलाल नेहरू (Jawaharlal Nehru) 104
6.3.13 अमर्त्य सेन और नीतिशास्त्र के प्रति उनका क्षमता दृष्टिकोण (Amartya Sen - his Capabilities Approach to Ethics)....105

अध्याय 7

लोक प्रशासन में लोक/सिविल सेवा मूल्य तथा नीतिशास्त्र (Public/Civil Service Values and Ethics in Public Administration) 107

7.1 लोक प्रशासन में नीतिशास्त्र का परिचय (Introduction to Ethics in Public Administration)....107
7.1.1 लोक प्रशासन (Public Administration).....107
7.1.2 लोक प्रशासन में नैतिकता की आवश्यकता (Need for Ethics in Public Administration) 107
7.1.3 लोक प्रशासन में नीतिशास्त्र के निर्धारक तत्त्व (Determinants of Ethics in Public Administration) 107
7.1.4 लोक प्रशासन में नीतिशास्त्र की स्थिति (Status of Ethics in Public Administration) 108

7.2 नैतिक चिंताएँ तथा दुविधाएँ (Ethical Concerns and Dilemma)....109
7.2.1 नैतिक दुविधा की शर्तें (Conditions for Ethical Dilemma)........109
7.2.2 लोक सेवकों के समक्ष उत्पन्न होने वाली नैतिक दुविधाएँ (Ethical Dilemmas Faced by Public Servants) 109
7.2.3 निजी क्षेत्र में नैतिक चिंताएँ और दुविधाएँ (Ethical Concerns and Dilemma in the Private Sector)....110
7.2.4 नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों से जुड़े नैतिक मुद्दे (Ethical Issues Related to Employer-Employee Relationship)......111

7.3 नैतिक मार्गदर्शन के स्रोत (Sources of Ethical Guidance) 112
7.3.1 नैतिकता के स्रोत के रूप में विधि (Laws as a Source of Ethics)....112
7.3.2 कानून और नीतिशास्त्र के बीच संबंध (Relationship between Law and Ethics) 112
7.3.3 नैतिकता के स्रोत के रूप में अंतरात्मा (Conscience as a Source of Ethics) ...113
7.3.4 विधि और नियम का अंतरात्मा से संघर्ष (When Laws and Rules are in Conflict with Conscience)....114

7.4 उत्तरदायित्व तथा नैतिक शासन (Accountability and Ethical Governance).........114
7.4.1 उत्तरदायित्व का परिचय (Introduction to Accountability) 114
7.4.2 शासन के प्रति उत्तरदायित्व का महत्त्व (Importance of Accountability to Governance) 114
7.4.3 उत्तरदायित्व के प्रकार (Types of Accountability)....115
7.4.4 उत्तरदायित्व लागू करने की रणनीति (Strategy to Enforce Accountability)...117

7.5 शासन में नीतिशास्त्रीय और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना (Strengthening of Ethical and Moral Values in Governance) 118

7.6 अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में नैतिक मुद्दे और वित्तपोषण (Ethical Issues in International Relation and Funding) 119

7.6.1 परिचय (Introduction) 119

7.6.2 अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में नीतिशास्त्रीय सिद्धांत (Principles of Ethics in International Relations) 120

7.6.3 निहित नैतिक मुद्दे (Ethical Issues Involved) 120

7.7 अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण का नीतिशास्त्र (Ethics of International Funding) 122

7.7.1 विदेशी सहायता का मामला (Case for Foreign Aid) 122

7.7.2 विदेशी सहायता के विरुद्ध मामला (Case against Foreign Aid) 122

अध्याय 8

कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था (Corporate Governance) 123

8.1 व्यावसायिक नीतिशास्त्र का परिचय (Introduction to Business Ethics) 123

8.2 प्रबंधन प्रथाओं में नीतिशास्त्र का महत्त्व (Importance of Ethics in Management Practices) 123

8.3 कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था (Corporate Governance) 124

8.3.1 परिचय (Introduction) 124

8.3.2 अच्छी कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था के सिद्धांत (Principles of Good Corporate Governance) 125

8.3.3 बेहतर कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था की आवश्यकता (Need of Good Corporate Governance) 125

8.4 कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था के मॉडल (Models of Corporate Governance) 126

8.5 भारत में कॉर्पोरेट शासन व्यवस्था (Corporate Governance in India) 127

8.5.1 आवश्यकता और महत्त्व (Need and Significance) 127

8.5.2 मार्गदर्शक सिद्धांत (Guiding Principles) 127

8.5.3 विनियामक ढाँचा (Regulatory Framework) 128

8.6 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility CSR) 130

8.6.1 अवधारणा (Concept) 130

8.6.2 परिभाषा (Definition) 130

8.6.3 भारत में CSR (CSR in India) 130

अध्याय 9

शासन की शुचिता (Probity in Governance) 132

9.1 लोक सेवाओं की अवधारणा (Concept of Public Services) 132

9.1.1 परिचय (Introduction) 132

9.2 शासन का दार्शनिक आधार (Philosophical Basis of Governance) 132

परिभाषा (Definition) 132

9.3 शुचिता और भ्रष्टाचार (Probity and Corruption) 133

शुचिता के सिद्धांत (Principles of Probity) 133

9.4 शासन में सूचना साझाकरण और पारदर्शिता (Information Sharing and Transparency in Governance) 135

9.4.1 परिचय (Introduction) 135

9.4.2 परिभाषा (Definition) 135

9.4.3 शासन में पारदर्शिता का महत्त्व (Importance of Transparency in Governance) 135

9.4.4 सूचना का अधिकार (Right to Information) 136

9.4.5 व्हिसलब्लोइंग (Whistleblowing) 139

9.5 प्रशासनिक नीतिशास्त्र (Administrative Ethics) 140

9.5.1 परिचय (Introduction) 140

9.5.2 प्रशासन में नीतिशास्त्र की आवश्यकता (Need for Ethics in Administration) 141

9.6 नागरिक घोषणा-पत्र/अधिकार-पत्र (Citizen's Charter) 143

9.6.1 परिचय (Introduction) 143

9.6.2 नागरिक घोषणा-पत्र का औचित्य (Rationale of Citizen's Charter) 144

9.6.3 नागरिक घोषणा-पत्र/अधिकार-पत्र के घटक (Components of Citizen's Charter) 144

9.6.4 सरकार से नागरिकों की अपेक्षाएँ (Expectations of Citizens from Government) 144

9.6.5 केस स्टडी: जन सेवा केंद्र, अहमदाबाद (Case Study: Jan Sewa Kendra, Ahmedabad) 144

9.6.6 कार्यान्वयन में समस्याएँ (Issues in Implementation) 145

9.7 कार्य संस्कृति (Work Culture)................................146

9.7.1 परिचय (Introduction)............................146

9.7.2 कार्य संस्कृति के प्रकार (Types of Work Culture)......................147

9.7.3 विशेषता (Attributes)..............................147

9.7.4 सुधार का मार्ग (Ways to Improve)..........148

9.8 लोक निधियों का उपयोग (Utilization of Public Funds)..............................148

9.8.1 अर्थ (Meaning) 148

9.8.2 सार्वजनिक निधि के उपयोग के क्षेत्र (Areas of Utilization of Public Funds) . 149

9.8.3 लोक निधि के नैतिक उपयोग की आवश्यकता (Need for Ethical Utilization of Public Funds)................149

9.8.4 लोक निधियों के अनैतिक उपयोग के कारण (Reasons for Unethical use of Public Funds) 149

9.8.5 सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (Public Finance Management System: PFMS)..................................150

9.9 सेवा वितरण की गुणवत्ता (Quality of Service Delivery)............................150

9.9.1 परिचय (Introduction)............................150

9.9.2 महत्त्व (Importance)..............................150

9.9.3 भारत का अनुभव (Indian Experience)....151

9.9.4 भारत में सेवा वितरण की निम्न गुणवत्ता के कारण (Causes of Low Quality of Service Delivery in India)....................152

9.9.5 सेवा वितरण में सुधार हेतु उपाय (Ways to Improve Service Delivery) ...152

9.9.6 सेवोत्तम मॉडल (Sevottam Model)...........153

9.10 भ्रष्टाचार (Corruption)..155

9.10.1 परिभाषा (Definition) 155

9.10.2 विभिन्न रूप (Various Forms).................155

9.10.3 वर्गीकरण (Classification) 155

9.10.4 भ्रष्टाचार के तरीके (Modes of Corruption) 156

9.10.5 भारत में भ्रष्टाचार की प्रकृति और स्थिति (Nature and Status of Corruption in India) 156

9.10.6 एक विकृत व्यवहार के रूप में भ्रष्टाचार (Corruption as a Deviant Behavior) 156

9.10.7 समाज में नैतिक पतन के संकेत के रूप में भ्रष्टाचार (Corruption as a Sign of Moral Decline in Society)....................156

9.10.8 भ्रष्टाचार के परिणाम (Consequences of Corruption)...........156

9.10.9 भ्रष्टाचार से निपटने की रणनीतियाँ (Strategies to Tackle Corruption)........158

विगत् वर्षों के प्रश्न (2013 से 2017) 160

केस स्टडीज़: अभ्यास प्रश्न..196

सिविल सेवा परीक्षा (CSE) **मुख्य परीक्षा: पिछले वर्ष के प्रश्न**..204

अध्याय

1

नीतिशास्त्र तथा मानवीय सह-संबंध
(Ethics and Human Interface)

1.1 नीतिशास्त्र का परिचय (Introduction to Ethics)

अर्थ (Meaning)

'समाज के लगभग हर क्षेत्र में, नैतिकता से अधिक महत्त्वपूर्ण कुछ भी नहीं है'।

-हेनरी पॉलसन

नीतिशास्त्र (Ethics), दर्शनशास्त्र की अन्य शाखाओं की तरह, स्पष्ट रूप से सरल प्रश्नों से उत्पन्न होता है, जैसे- ईमानदार कार्य सही और बेईमान कार्य गलत क्यों होते हैं? क्या मैं बस में मिला पर्स अपने पास रखूँ या उसके मालिक को वापस लौटा दूँ? ये ऐसे प्रश्न हैं, जो स्वाभाविक रूप से हमारे जीवन के दौरान घटित होते हैं, जैसे वे सामान्यत: उन लोगों के जीवन में घटित होते हैं, जो हमसे पहले और हमसे भिन्न संस्कृतियों व प्रौद्योगिकियों वाले समाजों में रहते थे। वे सरल प्रतीत होते हैं, लेकिन अंतत: भ्रमित करने वाले होते हैं। नीतिशास्त्र मूल रूप से ऐसे प्रश्नों का चिंतनशील अध्ययन (Reflective Study) है तथा यह पता लगाता है कि कौन-से कार्य अच्छे या बुरे हैं।

व्युत्पत्ति के अनुसार "एथिक्स" (Ethics) शब्द ग्रीक शब्द "एथोस" (Ethos) से मेल खाता है, जिसका अर्थ चरित्र (Character), आदत (Habit), प्रथा (Customs), व्यवहार के तरीके आदि होता है। नीतिशास्त्र को "नैतिक दर्शन" (Moral Philosophy) भी कहा जाता है। शब्द 'नैतिक (Moral)' लैटिन शब्द 'मूर्स (Mores)' से आया है, जो रीति-रिवाज़, चरित्र, व्यवहार आदि को दर्शाता है। सरल शब्दों में, 'नीतिशास्त्र' का अर्थ है कि क्या अच्छा है और इसे प्राप्त करने का तरीका क्या है, और क्या बुरा है तथा इससे कैसे बचा जाए। इसका तात्पर्य यह है कि जो अच्छा है, उसे प्राप्त करने के लिए क्या किया जाना चाहिए एवं जो बुरा है, उससे बचने के लिए क्या नहीं किया जाना चाहिए।

एक दार्शनिक शाखा (Discipline) के रूप में, 'नीतिशास्त्र' उन मूल्यों (Values) और दिशा-निर्देशों का अध्ययन है, जिनके द्वारा हम जीवन जीते हैं। इसमें इन मूल्यों और दिशा-निर्देशों का औचित्य भी शामिल होता है। यह केवल किसी परंपरा (Tradition) या प्रथा (Custom) का पालन करना नहीं है। इसके बजाय, सार्वभौमिक सिद्धांतों के आलोक में इन दिशा-निर्देशों के विश्लेषण और मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। नैतिक दर्शन के रूप में, नीतिशास्त्र 'नैतिकता' (Morality), नैतिक समस्याओं (Moral Problems) और नैतिक निर्णयों के बारे में दार्शनिक विचार है। नीतिशास्त्र भी एक विज्ञान है, क्योंकि इसके सिद्धांत मानवीय कारणों से उत्पन्न होते हैं। 'नीतिशास्त्र' सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों होते हैं। यह सैद्धांतिक है, क्योंकि यह मौलिक सिद्धांत प्रदान करता है, जिसके आधार पर नैतिक निर्णय (Moral Judgements) लिए जाते हैं। यह उतना ही व्यावहारिक है, क्योंकि यह प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य और उसे प्राप्त करने के साधनों से संबंधित है।

अत: नीतिशास्त्र को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है:

- परम आनंद (Happiness) की प्राप्ति के साधन के रूप में मानवीय कार्यों का उनकी सही या गलत होने की दृष्टि से व्यवस्थित अध्ययन।
- नीतिशास्त्र मानकों का एक समूह है, जिसे समाज स्वयं पर लागू करता है और जो व्यवहार, विकल्पों और कार्यों को निर्देशित करने में मदद करता है - द्वितीय ARC रिपोर्ट।
- यह मानव आचरण के उस हिस्से का चिंतनशील अध्ययन है, जिसमें क्या अच्छा या बुरा है, इस संबंध में प्रश्न किया जाता है, तथा जिस आचरण के लिए मानव की कुछ व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी होती है।
- यह स्वीकृत मान्यताओं की एक प्रणाली है, जो व्यवहार, विशेष रूप से 'नैतिकता' (Morals) पर आधारित ऐसी प्रणाली को नियंत्रित करती है- कैम्ब्रिज डिक्शनरी।

1.1.1 नीतिशास्त्र का विकास (Evolution of Ethics)

नीतिशास्त्र उतना ही पुराना है, जितनी पुरानी 'मानवता' है। यह स्पष्ट है कि पहले के नीतिशास्त्रीय सिद्धांत (Ethical Principles) माता-पिता और बड़ों द्वारा मौखिक रूप से निर्मित किए गए थे। जैसे-जैसे समाज ने लिखित शब्द का उपयोग करना सीखा, उन्होंने अपनी नीतिशास्त्रीय मान्यताओं (Ethical Beliefs) को दर्ज करना शुरू कर दिया। ये अभिलेख नीतिशास्त्र की उत्पत्ति का पहला ऐतिहासिक साक्ष्य हैं।

A. पश्चिमी दर्शन में नीतिशास्त्र का विकास (Evolution of Ethics in Western Philosophy)

(i) प्राचीन काल (Ancient Period)

पश्चिमी दर्शन में, नीतिशास्त्र का इतिहास सुकरात के आगमन के साथ पाँचवीं शताब्दी ईसा पूर्व में आरंभ होता है। यूनानियों

के बीच एक दार्शनिक के रूप में, उनका मिशन अपने साथी मनुष्यों को उनकी मान्यताओं (Beliefs) और प्रथाओं (Practices) की तर्कसंगत आलोचना की आवश्यकता के प्रति जागृत करना था। प्लेटो के आकार या प्रत्यय सिद्धांत (Plato's Theory of Forms) को नैतिक यथार्थवाद (Moral Realism) की रक्षा करने और नैतिक सत्य (Moral Truths) के लिए एक वस्तुनिष्ठ आधार प्रदान करने के पहले प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। प्लेटो ने प्रकृति, ईश्वर और मानव के बारे में एक व्यवस्थित दृष्टिकोण का निर्माण किया, जिससे व्यक्ति को अपने नीतिशास्त्रीय सिद्धांत प्राप्त हुए। अपने नीतिशास्त्रीय दर्शन में उनका मुख्य लक्ष्य 'शुभ के दृष्टिकोण' (Vision of the Good) का मार्ग प्रशस्त करना था। अरस्तू का नैतिक लेखन नीतिशास्त्र की नींव के पहले व्यवस्थित परीक्षण का निर्माण करता है। अरस्तू के सद्गुणों (Virtues) के विवरण को नैतिक मानकों (Moral Standards) पर पहुँचने वाले पहले निरंतर अन्वेषणों में से एक के रूप में देखा जा सकता है, जो सही और गलत आचरण को नियंत्रित करते हैं।

(ii) मध्यकाल (Medieval Period)

मध्यकाल में, ऑगस्टीन और थॉमस एक्विनास (Augustine and Thomas Aquinas) जैसे ईसाई दार्शनिकों और धर्मशास्त्रियों (Theologians) के विचारों का वर्चस्व था। ईसाई धर्म का प्रभाव नीतिशास्त्रीय परिदृश्य पर हावी था। सेंट ऑगस्टीन का नीतिशास्त्र, सांसारिक कल्याण की खोज और आत्मा को शाश्वत मोक्ष के लिए तैयार करने का मिश्रण बन गया।

थॉमस एक्विनास ने ऑगस्टीन के धर्मशास्त्र (Theology) के साथ अरस्तू के विज्ञान और दर्शन के बीच एक सटीक सामंजस्य स्थापित किया। अरस्तू और एक्विनास दोनों के अनुसार, प्रत्येक मनुष्य खुशी चाहता है, और सभी मनुष्य आनंदित रहने के लिए ही कुछ करते हैं। चूँकि दोनों आनंद को मानव जीवन के अंतिम लक्ष्य और मानव स्वभाव की पूर्ति के रूप में देखते हैं, अत: वे नीतिशास्त्र को इस अध्ययन के रूप में देखते हैं कि मनुष्य कैसे अपने स्वभाव के अनुसार जीवन जी सकता है और खुशी प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार, नीतिशास्त्र का व्यावहारिक और सैद्धांतिक लक्ष्य भी होता है।

(iii) आधुनिक काल (Modern Period)

मध्यकाल के अंत और औद्योगिक लोकतंत्र के आधुनिक युग के उदय से संबद्ध सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों ने नीतिशास्त्र के क्षेत्र में चिंतन की एक नई लहर पैदा की। कुछ आधुनिक दार्शनिक, जैसे- थॉमस हॉब्स, जॉन लॉक, डेविड ह्यूम, इमैनुएल कांट, जेरेमी बेंथम और जॉन स्टुअर्ट मिल थे, जिन्होंने नीतिशास्त्रीय चिंतन में महान बदलाव में योगदान दिया। पश्चिम में नीतिशास्त्रीय चिंतन में और अधिक विकास कार्ल मार्क्स और सिगमंड फ्रायड के साथ हुआ।

(iv) समकालीन अवधि (Contemporary Period)

समकालीन सभ्यता की परिस्थितियों ने दार्शनिकों को नीतिशास्त्र और नैतिक जीवन के लिए वास्तविक आधार खोजने के लिए मजबूर किया। अधिकांश अंग्रेज़ी भाषी दुनिया में जी.ई. मूर की 'प्रिंसिपिया एथिका' (Principia Ethica, 1903) को समकालीन नीतिशास्त्रीय सिद्धांत का आरंभिक बिंदु माना जाता है। मार्टिन बुबर (Martin Buber), गैब्रियल मार्सेल, इमैनुएल लेविनास, मैक्स शिलर (Mañ Scheler), फ्रेंज ब्रेंटानो और जॉन ड्युई जैसे अन्य लोगों ने भी दुनिया के अन्य हिस्सों में नीतिशास्त्रीय चिंतन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

B. भारतीय दर्शन में नीतिशास्त्र का विकास (Evolution of Ethics in Indian Philosophy)

(i) प्राचीन काल (Ancient Period)

भारतीय नीतिशास्त्र की शुरुआत वेदों, विशेषकर ऋग्वेद से मानी जाती है। ऋग्वेद की केंद्रीय नीतिशास्त्रीय अवधारणाओं में से एक 'ऋत् (Rit)' है, जो सभी चीज़ों में व्याप्त एकीकृत व्यवस्था या नैतिक कानून (Moral Law) की अवधारणा है। 'ऋत्' की अवधारणा ने दो अन्य महत्त्वपूर्ण अवधारणाओं, जैसे- धर्म की अवधारणा और कर्म की अवधारणा को जन्म दिया है। वैदिक नीतिशास्त्र में अधिक महत्त्वपूर्ण और आवश्यक तत्त्व देवताओं को पूर्ण समर्पण के साथ अर्पित किया जाने वाला प्रेम और पूजा-अर्चना है।

उपनिषदीय नीतिशास्त्र मुख्यत: आत्मा-केंद्रित (Atman-centric) और बौद्धिकतावादी (Intellectualistic) है। उपनिषद् घोषणा करते हैं कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए वैदिक यज्ञ पूर्णत: अप्रासंगिक हैं और इसलिए, मनुष्य को लगातार अपनी स्वयं के मोक्ष की तलाश करने और अन्य सामाजिक, नैतिक दायित्वों की चिंता न करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

मनु और अन्य धर्मशास्त्र की संस्थाएँ हिंदू कर्मकांड और सामाजिक नीतिशास्त्र दोनों के मुख्य स्रोत ग्रंथ हैं। उपनिषदों ने व्यक्ति की मुक्ति पर बल दिया, लेकिन मनुस्मृति ने व्यक्तित्व को सामाजिक संरचनाओं के अधीन कर दिया। मनुष्य के कर्त्तव्य समय (युग) और स्थान (देश) के सापेक्ष माने गए हैं। किसी व्यक्ति के कर्त्तव्य भी उसके वर्ण (वर्ग) और जीवन की अवस्था (आश्रम) के सापेक्ष होते हैं। मनु ने कुछ सद्गुणों (Virtues) को सार्वभौमिक बताया है।

भगवद्गीता सर्वोच्च आनंद की प्राप्ति के लिए 'कर्म योग' और 'ज्ञान योग' दोनों पर बल देती है। कर्म की अवधारणा यह दर्शाती है कि नैतिक कानून एकसमान होते हैं, जो मनुष्य के कार्यों को नियंत्रित करते हैं तथा उनके कार्यों के अनुसार पुरस्कार और दंड निर्धारित होता है। ज्ञान योग एक आध्यात्मिक अभ्यास है, जो 'मैं कौन हूँ, मैं क्या हूँ' जैसे प्रश्नों के माध्यम से ज्ञान की खोज करता है।

भगवान बुद्ध सार्वभौमिक प्रेम (Universal Love) की बात करते हैं, जिसके माध्यम से वे सभी प्राणियों के प्रति असीम हृदय, अर्थात् सभी के प्रति प्रेम विकसित करने की बात कहते हैं। बुद्ध ने हमें सुखी और शांतिपूर्ण जीवन पाने के साथ-साथ ज्ञान तथा समझ विकसित करने के लिए दस पुण्य कर्मों (Ten Meritorious Deeds) या पारमिताएँ करने के लिए कहा। बौद्ध धर्म आम बौद्धों को स्वेच्छा से पाँच आचार (Five Precepts) अपनाने के लिए कहता है। बौद्ध नैतिकता किसी कार्य को उसके उद्देश्य या प्रेरणा के आधार पर अच्छा या बुरा मानती है।

जैन धर्म वैदिक अनुष्ठानवाद (Ceremonialism) और बलिवाद (Sacrificialism) को भी अस्वीकार करता है और यह अहिंसा को सबसे महत्त्वपूर्ण नैतिक गुण मानता है। फलत: यह वैदिक यज्ञों की निंदा करता है। पंचमहाव्रत और त्रिरत्न जैन परंपरा के नीतिशास्त्र का निर्माण करते हैं।

(ii) मध्यकाल (Medieval Period)

इस काल में नीतिशास्त्रीय चिंतन काफ़ी हद तक भक्ति और सूफ़ी आंदोलन से प्रभावित था। भक्ति आंदोलन के प्रमुख सुधारक रामानंद, कबीर, रविदास, तुलसीदास, तुकाराम आदि थे। दोनों आंदोलन सभी साथी मनुष्यों के प्रति करुणा में विश्वास करते थे। उन्होंने पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता की वकालत की। उन्होंने जातिवाद और सती जैसी रूढ़िवादी सामाजिक परंपराओं की निंदा की।

(iii) आधुनिक काल (Modern Period)

समकालीन भारतीय दर्शन में मूल्यों (Values) और नीतिशास्त्रीय प्रवृत्ति को राजा राम मोहन रॉय, एम.के. गाँधी, विवेकानंद, अरबिंदो घोष, रवींद्रनाथ टैगोर और राधाकृष्णन के दर्शन में देखा जा सकता है। उनके नैतिक विचारों ने भारतीय समाज सुधार आंदोलन के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन को भी प्रभावित किया।

(iv) समकालीन अवधि (Contemporary Period)

समकालीन दौर को प्रभावित करने वाले कुछ प्रमुख विचारक दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आदि हैं। दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' (Integral Humanism) का दर्शन एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करता है, जिसका मुख्य केंद्र बिंदु 'मानव' है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कार्य नीतिशास्त्र (Work Ethics) को प्रेरित किया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के आगमन से वर्तमान भारतीय पीढ़ियों पर पुराने और नए, विदेशी तथा भारतीय नैतिक चिंतनों की विविधता का प्रभाव देखा जा सकता है।

> उपरोक्त कुछ नैतिक विचारकों और चिंतन पर अगले अध्यायों में चर्चा की जाएगी।

1.1.2 नीतिशास्त्र के अध्ययन की आवश्यकता (Need to Study Ethics)

- **जीवन के प्रश्नों पर चिंतन** (Reflection on the Questions of Life): नैतिक दर्शन या नीतिशास्त्र का अध्ययन जीवन के मौलिक प्रश्नों पर हमारे चिंतन को गहरा कर सकता है। नीतिशास्त्र का अध्ययन व्यक्ति को अपने जीवन को आलोचनात्मक रूप से देखने और अपने कार्यों/विकल्पों/निर्णयों का मूल्यांकन करने में मदद करता है।
- **नीतिशास्त्र की बेहतर समझ** (Better Understanding of Morality): शिक्षा के प्रसार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति, आसान संचार माध्यम, यात्रा के तीव्र साधन आदि के द्वारा एक संस्कृति के लोग दूसरी संस्कृति के लोगों के साथ अधिक निकट संपर्क में आते हैं, जिससे पारंपरिक नैतिक मूल्य (जैसे 'न्यायपूर्ण' युद्ध, विवाह की अविच्छेदता (Indissolubility of Marriage) के साथ-साथ एक अपरिवर्तनीय और सार्वभौमिक रूप से मान्य नैतिकता की 'सार्थकता' पर भी सवाल उठाया जाता है। नैतिक दर्शन का अध्ययन हमें नैतिकता के बारे में बेहतर ढंग से सोचने में मदद कर सकता है। जब हम निर्णय लेते हैं, तो यह हमारी नैतिक स्थिति को स्पष्ट करने में हमारी मदद कर सकता है। यह हमारे सामने आने वाले विशिष्ट नैतिक मुद्दों [जैसे- गर्भपात और इच्छामृत्यु (Euthanasia)] के बारे में हमारे चिंतन को भी बेहतर बना सकता है।
- **हमारी सामान्य चिंतन प्रक्रियाओं को गहरा करना** (Sharpen our General Thinking Processes): नैतिक दर्शन (Moral Philosophy) का अध्ययन हमें अपनी सामान्य चिंतन प्रक्रियाओं को तेज़ करने में मदद कर सकता है। यह हमारे मस्तिष्क को तार्किक और तर्कसंगत रूप से सोचने व नैतिक मुद्दों को अधिक स्पष्टता के साथ सँभालने के लिए प्रशिक्षित करता है।
- **असहमति को इंगित करना** (Pinpoint a Disagreement): नीतिशास्त्र के ढाँचे का उपयोग करते हुए, दो लोग, जो किसी नैतिक मुद्दे पर बहस कर रहे हों, अकसर यह पा सकते हैं कि जिस बात पर वे असहमत हैं, वह मुद्दे का सिर्फ एक विशेष हिस्सा है, और वे व्यापक तौर पर बाकी सभी चीज़ों पर सहमत होते हैं। इससे बहस को विवाद में परिवर्तित होने से रोका जा सकता है, और कभी-कभी उन्हें अपनी समस्या का समाधान करने का रास्ता भी मिल सकता है।
- **नैतिक संस्थाओं और नागरिकों के लिए** (For Ethical Institutions and Citizens): प्रत्येक पेशे, स्वैच्छिक संगठन और नागरिक समाज संरचना में नीतिशास्त्र की आवश्यकता है, क्योंकि ये संस्थाएँ अब शासन की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण रूप से शामिल हैं। अंतत:, नागरिक व्यवहार में नीतिशास्त्र होना चाहिए, क्योंकि ऐसा व्यवहार सीधे सरकार

और प्रशासन में नैतिकता को प्रभावित करता है। यह मत द्वितीय ARC रिपोर्ट में व्यक्त किया गया है।

1.1.3 नीतिशास्त्र में विभिन्नता (Differentiating Ethics)

अधिकांश विज्ञान हमारे अनुभव की कुछ एकरूपताओं (Uniformities) से संबंधित हैं – जिस तरह से वस्तुओं के कुछ वर्ग (जैसे- चट्टानें या पौधे) अस्तित्व में पाए जाते हैं, या जिस तरह से घटनाओं के कुछ वर्ग (जैसे- ध्वनि या बिजली की घटनाएँ) होते हैं। इन विज्ञानों का किसी भी लक्ष्य, जिसे प्राप्त किया जाना है, का कोई सीधा संदर्भ नहीं है, या किसी आदर्श, जिसके संदर्भ में तथ्यों का मूल्यांकन किया जाता है, का कोई सीधा संदर्भ नहीं है। हालाँकि, एक विज्ञान के रूप में नीतिशास्त्र का संबंध किसी लक्ष्य या आदर्श या मानक से है।

यद्यपि नीतिशास्त्र को कभी-कभी एक व्यावहारिक विज्ञान (Practical Science) माना जाता है, यह चिकित्सा, इंजीनियरिंग या वास्तुकला के रूप में एक 'व्यावहारिक विज्ञान' नहीं है, क्योंकि यह एक निश्चित परिणाम (जैसे- एक निश्चित परिणाम, जो एक वास्तुकार अच्छी संरचना का निर्माण कर प्राप्त करना चाहता है) की प्राप्ति के लिए निर्देशित नहीं होते हैं। नैतिकता को अकसर 'सभी विज्ञानों का फल' (Fruit of All the Sciences) कहा जाता है, क्योंकि यह अंततः मानव को, अन्य सभी विज्ञानों और अन्य सभी चीज़ों को एक अंतिम लक्ष्य (पूर्णतः सर्वोच्च) के संबंध में व्यवस्थित कर पूर्ण बनाता है।

अन्य विज्ञान (Other Sciences)		**नीतिशास्त्र** (Ethics)
मनोविज्ञान (Psychology)	एक मानव कैसा व्यवहार करता है।	मानव को कैसा व्यवहार करना चाहिए।
नृ-विज्ञान (Anthropology)	मानव तथा उसके क्रियाकलापों की प्रकृति।	मनुष्य के कृत्य कैसे होने चाहिए।
सामाजिक और राजनीतिक विज्ञान (Social and Political Sciences)	मानव का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन।	मनुष्य का सामाजिक और राजनीतिक जीवन नैतिक होने के लिए कैसे संगठित होना चाहिए।
अर्थशास्त्र (Economics)	वस्तुओं से संबंधित, अर्थात् उन वस्तुओं से, जो किसी भी मानवीय आवश्यकता को पूरा करने का साधन हैं।	उन कार्यों से संबंधित है, जो जीवन के अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति की शर्तें हैं।

A. नीतिशास्त्र और धर्म (Ethics and Religion)

नीतिशास्त्र का किसी विशेष धर्म से कोई संबंध नहीं है। 'धर्म' विश्वासों, सांस्कृतिक प्रणालियों और विश्व दृष्टिकोणों का एक संगठित संग्रह (Organized Collection) है, जो मानवता को अस्तित्व के क्रम (Order of Eñistence) से जोड़ता है। अकसर, धर्म और नीतिशास्त्र को एक ही चीज़ के रूप में माना जाता है। विभिन्न धर्म यह दावा करते हैं कि उनकी विश्वास प्रणाली लोगों के लिए जीने का सबसे अच्छा तरीका है। सामान्यतः सभी धार्मिक परंपराओं का मानना है कि उनका विश्वास आत्मज्ञान/प्रबोधन (Enlightenment) और मोक्ष/निर्वाण (Salvation) के मार्ग का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी ओर, नीतिशास्त्र सार्वभौमिक निर्णय लेने वाले उपकरण हैं, जिसका उपयोग नास्तिकों (Atheists) सहित किसी भी धार्मिक विचारधारा वाले व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए: किसी धर्म विशेष द्वारा नास्तिकों पर सदाचार के मानदंड लागू नहीं हो सकते हैं, लेकिन फिर भी, उनके व्यवहार में कुछ नैतिकताओं का अनुपालन करने की अपेक्षा की जा सकती है।

'धर्म' ब्रह्मांड विज्ञान (Cosmology), परंपरा और मान्यताओं के बारे में दावे करता है, जबकि 'नीतिशास्त्र' परंपरा या निषेधाज्ञा (Injunction) के बजाय तर्क और कारण पर आधारित होती है।

धर्म की कई प्रथाएँ नीतिशास्त्रीय होती हैं, लेकिन कुछ धार्मिक प्रथाओं को नीतिशास्त्रीय नहीं माना जा सकता है। नीतिशास्त्र धार्मिक प्रथाओं पर भी सवाल उठा सकता है।

उदाहरण के लिए:

1. सती प्रथा धार्मिक थी, लेकिन अनैतिक मानी जाती थी।
2. धार्मिक परंपरा के तहत कुछ मंदिरों के गर्भगृह में महिलाओं को प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन इसे अनैतिक (Unethical) माना जा सकता है।

वास्तव में, प्रत्येक धर्म का मूल कुछ सार्वभौमिक नैतिकताओं (जैसे- प्रेम, करुणा, सत्य आदि) पर केंद्रित होता है। लेकिन वह परिधि, जिसमें कुछ अनुष्ठान, रीति-रिवाज़ और परंपराएँ शामिल होते हैं, अनैतिक हो सकती हैं।

B. नीतिशास्त्र तथा विधि/कानून (Ethics and Law)

कानून सरकार जैसे उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा बनाए गए नियमों और विनियमों का व्यवस्थित समुच्चय होता है, जो क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय आदि हो सकता है। इसका उपयोग सदस्यों के कार्य और व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है तथा इसे दंड लगाकर लागू किया जा सकता है। नीतिशास्त्र वे सिद्धांत हैं, जो किसी व्यक्ति या समाज का मार्गदर्शन करते हैं। ये यह तय करने के लिए बनाए गए हैं कि किसी भी स्थिति में अच्छा या बुरा,

सही या गलत क्या है। यह किसी व्यक्ति के व्यवहार या आचरण को नियंत्रित करता है और नैतिक नियमों व दिशा-निर्देशों को लागू करके एक व्यक्ति को अच्छा जीवन जीने में मदद करता है।

कई कानून नैतिक होते हैं, लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि कुछ कानूनों को नैतिक नहीं माना जा सकता है, अर्थात् जो कानूनी है, वह हमेशा नैतिक नहीं होता है। ऐसा कहा जाता है कि कानून व्यवहार के न्यूनतम मानक निर्धारित करता है, जबकि नीतिशास्त्र अधिकतम मानक निर्धारित करती है।

उदाहरण के लिए:

1. कई देशों में नैदानिक परीक्षण (Clinical Trials) विधिक् होते हैं, लेकिन उन्हें नैतिक नहीं माना जा सकता है।
2. कुछ देशों में विवाह के बाद बिना सहमति के यौन संबंध वैध माने जाते हैं, लेकिन इसे अनैतिक माना जा सकता है।
3. ब्रिटिश काल में 'देशी समाचार-पत्र अधिनियम, 1878 (Vernacular Press Act, 1878), राजद्रोह अधिनियम (Sedition Act) आदि के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलना विधिक् तो था, लेकिन नैतिक नहीं था।
4. रंगभेद (Apartheid) कानूनी था, लेकिन अनैतिक था।
5. मॉन्टगोमरी, अलबामा में बसों में नस्लीय रूप से अलग-अलग सीटें वैध थीं, लेकिन नैतिक नहीं थीं।

विधि (Law)	**नीतिशास्त्र** (Ethics)
यह एक ऐसी प्रणाली है, जो सामाजिक व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए नियमों और दिशा-निर्देशों को लागू करती है।	यह नैतिक दर्शन की एक शाखा है, जो लोगों का बुनियादी मानवीय आचरण के बारे में मार्गदर्शन करती है।
ये सरकार जैसे कुछ प्राधिकरण द्वारा शासित होते हैं।	स्वयं व्यक्तियों द्वारा शासित होता है।
इन्हें लिखित रूप में व्यक्त और प्रकाशित किया जाता है।	इन्हें प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं होती है।
ये बाध्यकारी होते हैं, जिनका उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है और इसके परिणामस्वरूप कारावास या जुर्माना या दोनों जैसी सज़ाएँ हो सकती हैं।	ये बाध्यकारी नहीं होते हैं। नीतिशास्त्र के उल्लंघन पर कोई सज़ा नहीं होती है।
ये सीधे तौर पर बताते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है।	नीतिशास्त्र लोगों को यह तय करने में मदद करता है कि क्या सही है और क्या गलत है।

C. नीतिशास्त्र और नैतिकता (Ethics and Morals)

कई बार नीतिशास्त्र और नैतिकता को एक-दूसरे के स्थान पर उपयोग किया जाता है, लेकिन नीतिशास्त्र और नैतिकता के बीच मामूली और सूक्ष्म अंतर होते हैं।

'नैतिकता' व्यक्ति या समूह की वह मान्यता है कि क्या सही है और क्या गलत। नैतिकता किसी व्यक्ति या समूह की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताएँ या मूल्य हैं, जो हमें बताते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है। उदाहरण के लिए- निष्ठावान रहना, अपने से बड़ों की आज्ञा का पालन करना, अतिथि को भगवान के समान मानना (अतिथि देवो भव:) आदि।

'नीतिशास्त्र' मार्गदर्शक सिद्धांत होते हैं, जो व्यक्ति या समूह को यह निर्णय लेने में मदद करते हैं कि क्या अच्छा है या क्या बुरा है। नीतिशास्त्र उन तर्कों, मूल्यों और सिद्धांतों का परीक्षण और विश्लेषण करता है, जिनका उपयोग नैतिकता को उचित ठहराने के लिए किया जाता है। नीतिशास्त्र मूलत: नैतिकता का अध्ययन करता है। यह ईमानदारी (Honesty), करुणा (Compassion), सामाजिक हित जैसे सिद्धांतों का अर्थ खोजने का प्रयास करता है; किसी विशेष परिस्थिति में आचरण पर उनका क्या प्रभाव हो सकता है; कोई एक सिद्धांत को दूसरे सिद्धांत से अधिक प्राथमिकता कैसे दे सकता है। संक्षेप में, "नैतिकता विषय-वस्तु है, और नीतिशास्त्र उस विषय-वस्तु का अध्ययन है", जैसे सामाजिक मुद्दे विषय-वस्तु हैं और समाजशास्त्र इसका अध्ययन है।

नैतिकता (Morals)	**नीतिशास्त्र** (Ethics)
नैतिकता व्यक्ति या समूह की वह मान्यता है कि क्या सही है और क्या गलत है।	नीतिशास्त्र मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जो व्यक्ति या समूह को यह निर्णय लेने में मदद करते हैं कि क्या अच्छा है या बुरा है।
नैतिकता सामान्य नियमों और कथनों के रूप में व्यक्त की जाती है।	नीतिशास्त्र अमूर्त होते हैं।

1.1.4 सही और गलत के स्रोत (Sources of Right and Wrong)

हम पहले से ही जानते हैं कि नीतिशास्त्र हमें सही या गलत का निर्धारण करने में मदद करता है। हालाँकि, ऐसे कई कारक हैं, जो नैतिक या अनैतिक, अर्थात् सही या गलत के बारे में हमारी धारणा को निर्धारित करते हैं। नीतिशास्त्र के कुछ महत्त्वपूर्ण निर्धारक तत्त्व निम्नलिखित हैं:

परिवार (Family): परिवार हमारे लिए सही-गलत के निर्धारण का पहला स्रोत होता है। ईमानदारी, प्रेम, सहयोग, देखभाल जैसे कुछ मूल्य बच्चों में अपने आप विकसित हो जाते हैं। परिवार द्वारा अपनाए जाने वाले कई रीति-रिवाज़, परंपराएँ हमारे नैतिक चिंतन को आकार देती हैं।

विद्यालय (School): परिवार के बाद विद्यालय का बच्चों पर सबसे गहरा प्रभाव पड़ता है। बच्चा विद्यालय में सहिष्णुता, भाईचारा, टीम भावना आदि मूल्य सीखता है।

शिक्षा (Education): हमें साक्षरता (Literacy) और शिक्षा (Education) के बीच अंतर करना चाहिए। हालाँकि एक शिक्षित व्यक्ति साक्षर हो सकता है, लेकिन हर साक्षर व्यक्ति को शिक्षित नहीं कहा जा सकता। शिक्षा एक व्यापक अवधारणा है, जो मानव व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखती है। व्यक्ति को

जिस प्रकार की शिक्षा मिलती है, उसका प्रभाव उसके नैतिक चिंतन पर भी पड़ता है। स्कूलों में दिए गए मूल्य और शिक्षा किसी व्यक्ति के नैतिक व्यवहार को आकार दे सकते हैं।

मित्र और सहकर्मी (Friends and Peers): हमारे मित्रों और साथियों के मूल्य हमसे भिन्न हो सकते हैं। इससे एक-दूसरे की सोच पर परस्पर प्रभाव पड़ सकता है। हम अपने साथियों से टीम भावना, देखभाल, प्रतिस्पर्धात्मकता जैसे मूल्य सीखते हैं।

संगठन (Organisation): हमारे मूल्य और नैतिकता भी संगठनात्मक मूल्यों और कार्य संस्कृति से आकार लेते हैं।

धर्म (Religion): हर धर्म के अपने नैतिक मूल्य होते हैं, जो हमारे नैतिक चिंतन को आकार दे सकते हैं। हम कई कार्य इसलिए करने से बचते हैं, क्योंकि हमारा धर्म हमें ऐसा करने से मना करता है। धर्म द्वारा निर्धारित नैतिक मूल्यों को दैवीय आदेश (Divine Mandate) माना जाता है और इसीलिए, इसका हमारे नैतिक चिंतन पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

सामाजिक नियम और रीति-रिवाज़ (Social Rules and Customs): सामाजिक नियम एवं रीति-रिवाज़ स्थान एवं समय के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं। अधिकांश लोग उनका अनुसरण करते हैं और इस प्रकार, वे हमारे नैतिक विचारों और व्यवहार को आकार देते हैं। उदाहरण के लिए, पर्दा प्रथा कुछ समाजों में स्वीकार्य है, जबकि अन्य में इसकी निंदा की जाती है। इसी प्रकार, समय के साथ भारतीय समाज में पर्दा प्रथा की स्वीकार्यता कम हो गई है।

राजनीति (Politics): देश में मौजूद राजनीतिक दर्शन/व्यवस्था हमारे नैतिक चिंतन पर प्रभाव डाल सकती है। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में मुख्य रूप से धार्मिक नैतिकता का पालन किया जाता है और व्यक्तियों द्वारा पालन की जाने वाली नैतिकता के लिए कम स्वतंत्रता हो सकती है, जबकि लोकतंत्र विभिन्न नैतिक विचारों के लिए स्वीकृति दर्शाता है। इसी प्रकार, साम्यवाद, पूँजीवाद जैसे राजनीतिक दर्शन उन देशों में लोगों द्वारा पालन की जाने वाली नैतिकता पर प्रभाव डाल सकते हैं।

कानून या विधि (Laws): कुछ कानून नैतिक होते हैं, जबकि कुछ नैतिक नहीं होते हैं, फिर भी, सामान्यत: व्यक्ति उनका पालन करते हैं। इसलिए, कानून का पालन करने वाले नागरिक अनैतिक कानूनों का पालन कर सकते हैं और इस प्रकार, यह अनैतिक आचरण को जन्म दे सकता है। जबकि नैतिक कानून नैतिक आचरण की ओर ले जाते हैं।

1.2 नैतिक निर्णयन (Ethical Decision Making)

विकल्पों पर विचार करने और नैतिक मानकों के अनुरूप कार्यवाही का एक तरीका चुनने की प्रक्रिया को 'नैतिक निर्णयन' कहा जाता है। नैतिक निर्णय लेते समय अनैतिक संभावनाओं को पहचानना, उन्हें दूर करना और सबसे नैतिक विकल्प चुनना महत्त्वपूर्ण होता है।

इसमें ऐसी कार्यवाही का मूल्यांकन करना और निर्णय लेना शामिल होता है, जो नैतिक सिद्धांतों और मूल्यों, जैसे- सत्यनिष्ठा (Integrity), ईमानदारी (Honesty), निष्पक्षता (Fairness) और उत्तरदायित्व (Responsibility) के अनुरूप हो। नैतिक निर्णयन में कार्यों के दीर्घकालिक परिणामों और अल्पकालिक लाभ से अधिक सामाजिक भलाई (Societal Well-being) पर विचार किया जाता है। यह सभी हितधारकों के हितों और कल्याण पर बल देता है और इसमें पारदर्शिता की आवश्यकता होती है।

'नैतिक निर्णयन मॉडल' का उद्देश्य निर्णय-कर्ता (Decision-maker) को उन नैतिक मुद्दों को स्पष्ट करने और हल करने में मदद करना है, जिन्हें आप निर्णय लेने पर विचार करते समय पहचानते हैं।



1.3 नीतिशास्त्र के आयाम (Dimensions of Ethics)

नीतिशास्त्र के अध्ययन के लिए मूल रूप से चार अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, जिन्हें दो भागों में विभाजित किया जा सकता है:

A. गैर-मानकीय दृष्टिकोण (Non-Normative Approaches): गैर-मानकीय दृष्टिकोण नैतिक रूप से सही या गलत के बारे में निर्णय लेने की चिंता किए बिना नैतिकता का परीक्षण करते हैं। वे नैतिक मुद्दों के संबंध में कोई नैतिक स्थिति नहीं अपनाते हैं।

1. अधि-नीतिशास्त्र (Meta Ethics)
2. वर्णनात्मक नीतिशास्त्र (Descriptive Ethics)

B. मानकीय दृष्टिकोण (Normative Approaches): मानकीय दृष्टिकोण यह निर्णय लेते हैं कि नैतिक रूप से क्या सही है या क्या गलत है। वे नैतिक मुद्दों के संबंध में एक स्पष्ट नैतिक स्थिति अपनाते हैं।

1. सामान्य मानकीय नीतिशास्त्र (General Normative ethics)
2. व्यावहारिक/अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र (Applied ethics)

1.4 गैर-मानकीय दृष्टिकोण (Non-Normative Approaches)

1.4.1 अधि-नीतिशास्त्र (Meta Ethics)

'अधिक शब्द का अर्थ बाद (After) या उससे आगे (Beyond) होता है। अधि-नीतिशास्त्र विश्लेषणात्मक दर्शन (Analytic Philosophy) की एक शाखा है, जो नैतिक मूल्यों, गुणों और शब्दों की स्थिति, आधार और दायरे का पता लगाती है। अधि-नीतिशास्त्र नैतिक तर्क और निर्णय लेने में प्रयुक्त केंद्रीय शब्दों के अर्थों के विश्लेषण पर केंद्रित होता है। यह अर्थ के प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करता है। यह अध्ययन करता है कि हमारे नैतिक सिद्धांत कहाँ से आते हैं और उनका क्या अर्थ होता है। यह नैतिक मूल्यों के अंतर्निहित सिद्धांतों का विश्लेषण करने का प्रयास करता है।

अधि-नीतिशास्त्रीय स्थितियों को इस आधार पर विभाजित किया जा सकता है कि वे निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर कैसे देती हैं:

(a) नैतिक शब्दों या निर्णयों का क्या अर्थ होता है? अर्थात् जब लोग 'अच्छा' और 'सही' जैसे नैतिक शब्दों का उपयोग करते हैं, तो वे वास्तव में क्या कर रहे होते हैं? इसका समाधान अर्थविज्ञान या शब्दार्थ सिद्धांत (Semantic Theories) द्वारा किया जाता है।

(b) 'नैतिक निर्णयों की प्रकृति क्या है?' अर्थात्, क्या कुछ चीज़ें हर समय सभी लोगों के लिए नैतिक रूप से सही या गलत होती हैं, या इसके बजाय नैतिकता व्यक्ति-दर-व्यक्ति, संदर्भ-दर-संदर्भ, या संस्कृति-दर-संस्कृति में भिन्न होती है? इसका उत्तर तात्त्विक सिद्धांतों (Substantial Theories) द्वारा दिया गया है।

(c) नैतिक निर्णयों का समर्थन या बचाव कैसे किया जा सकता है? अर्थात् नैतिक मूल्य कहाँ से आते हैं, उनका स्रोत और आधार क्या है? ये प्रश्न औचित्य सिद्धांतों (Justification Theories) में शामिल हैं।

1.5 मानकीय नीतिशास्त्र (Normative Ethics)

मानकीय नीतिशास्त्र उन नैतिक मानकों (Moral Standards) तक पहुँचने की कोशिश करता है, जो सही और गलत आचरण को विनियमित करते हैं। यह अधिक व्यावहारिक कार्य है। यह उचित व्यवहार के आदर्श परीक्षण (Proper Behavior) की खोज है। इसलिए, यह स्पष्ट रूप से कि 'क्या करना सही है?' जैसे प्रश्नों पर केंद्रित होता है। एक अर्थ में, यह उचित व्यवहार का एक आदर्श तरीका तलाशता है। यह नीतिशास्त्रीय सिद्धांतों का अध्ययन है, जो यह सुझाव देता है कि लोगों को कैसे कार्य करना चाहिए? इसलिए, मानकीय नीतिशास्त्र को कभी-कभी वर्णनात्मक नीतिशास्त्र (Descriptive Ethics) के बजाय निर्देशात्मक (Prescriptive) कहा जाता है।

किसी भी कार्य के लिए, तीन चीज़ें होती हैं, जिन्हें नैतिक रूप से रोचक माना जा सकता है:

1. वह कर्ता, अर्थात् कार्य करने वाला व्यक्ति;
2. अपने आप में वह कृत्य;
3. कृत्य के परिणाम।

मानकीय नीतिशास्त्रीय सिद्धांतों में केंद्र-बिंदु (Focus) के आधार पर उन्हें निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है:

1.5.1 सामान्य मानकीय नीतिशास्त्र (General Normative Ethics)

(i) परिणाम सापेक्ष/प्रयोजनवादी नीतिशास्त्र
(Consequential Ethics Teleological)

यह नीतिशास्त्र के प्रति एक दृष्टिकोण है, जो तर्क देता है कि किसी कार्य की नैतिकता कार्य के परिणाम या परिणति पर निर्भर होती है। इस प्रकार, एक नैतिक रूप से सही कार्यवाही वह है, जो एक अच्छा परिणाम या परिणति उत्पन्न करती है, और किसी कार्यवाही या नियम के परिणाम सामान्यतः अन्य सभी प्रतिफल से अधिक होते हैं (अर्थात्, साध्य साधन को उचित ठहराते हैं)।

परिणामवादी सिद्धांतों (Consequentialist Theories) की निम्नलिखित धाराएँ हैं:

(a) उपयोगितावाद (Utilitarianism)

उपयोगितावाद यह विचार है कि किसी कार्य का नैतिक मूल्य पूरी तरह से सभी लोगों के बीच प्रसन्नता या आनंद को अधिकतम करने में समग्र उपयोगिता में उसके योगदान से निर्धारित होता है।

- उपयोगितावाद, जो यह मानता है कि कोई कार्य सही है, यदि इससे अधिकतम लोगों को अधिक सुख मिलता है। (यहाँ "सुख" को आनंद को अधिकतम करने और पीड़ा को कम करने के रूप में परिभाषित किया गया है।)
- उपयोगितावाद इस आधार पर शुरू होता है कि आनंद और प्रसन्नता आंतरिक रूप से मूल्यवान होते हैं, पीड़ा और कष्ट आंतरिक रूप से मूल्यवान नहीं होते हैं, और किसी भी अन्य चीज़ का मूल्य केवल तभी होता है, जब वह प्रसन्नता उत्पन्न

करती है या दुख को रोकती है (अर्थात्, 'साधन के रूप में', या साध्य के साधन के रूप में)।

- 'उपयोगितावादी' 'समानता' को हितों के समान मानते हुए उसका समर्थन करते हैं तथा वे इस मनमाने भेद को अस्वीकार करते हैं कि कौन सरोकार/चिंता का पात्र है और कौन नहीं, तथा व्यक्तियों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार करते हैं।

चिंतन के एक विशिष्ट मत या शाखा के रूप में, इसका श्रेय सामान्यत: अंग्रेज़ी दार्शनिक जेरेमी बेंथम को दिया जाता है। बेंथम ने पीड़ा और प्रसन्नता को विश्व में एकमात्र आंतरिक मूल्य माना और इससे उन्होंने उपयोगिता का नियम निकाला कि अच्छा वह है, जो सबसे बड़ी संख्या में लोगों के लिए सबसे अधिक प्रसन्नता लाता है।

गुण (Merits)

- **सरल** (Straightforward): यह सरल है और पीड़ा को कम करने व सुख को अधिकतम करने के एकल सिद्धांत पर आधारित है। यह एक ऐसी प्रणाली है, जिसका लक्ष्य व्यक्तियों और समूहों के लिए खुशहाल जीवन बनाना है।
- **लोकतांत्रिक** (Democratic): नीतिगत निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से लिए जा सकते हैं, यदि अधिकतम लोग नीति के पक्ष में मतदान करते हैं।
- **समुदाय का लाभ** (Community's Benefit): एक नीतिशास्त्रीय सिद्धांत के रूप में उपयोगितावाद मुख्य रूप से 'व्यक्ति की भलाई' से अधिक 'समुदाय की भलाई' को महत्त्व देता है। उपयोगितावाद के आधार पर कोई भी निर्णय लेते समय व्यक्ति दूसरों के हित के बारे में भी सोचता है।
- **सार्वभौमिक** (Universal): उपयोगिता का सिद्धांत, जिसमें कष्ट को कम करना और प्रसन्नता को अधिकतम करना शामिल है, सार्वभौमिक माना जा सकता है तथा यह हर संस्कृति में लागू होता है।

दोष (Demerits)

- **साध्य हमेशा साधनों को उचित नहीं ठहराता** (Ends don't Always Justify Means): कल्पना कीजिए कि आपने एक स्वस्थ व्यक्ति की हत्या कर दी और 3 अन्य लोगों को बचाने के लिए उनके अंग दे दिए। 'हानि पर प्रसन्नता का संतुलन' (Balance of Happiness over Harm) ऐसा करने का समर्थन करता है, लेकिन हम जानते हैं कि यह सही नहीं है।
- **इच्छाओं या इरादों पर कोई विचार नहीं** (No Consideration of Desires or Intentions): उपयोगितावाद की आलोचना केवल कार्यों के परिणामों को देखने के लिए की गई है, न कि उन इच्छाओं या इरादों को देखने के लिए, जो उन्हें प्रेरित करते हैं और जिसे कई लोग महत्त्वपूर्ण भी मानते हैं। इस प्रकार, किसी कार्य का उद्देश्य नुकसान पहुँचाना हो, लेकिन अनजाने में अच्छे परिणाम देने वाले कार्य को अच्छे इरादों के साथ किए गए कार्य के परिणाम के बराबर आँका जाएगा।
- **बहुसंख्यकवाद** (Majoritarianism): बहुसंख्य की इच्छा गलत होने पर भी प्रबल हो सकती है।
- **अत्यधिक प्रसन्नता** (Immeasurable Happiness): हर प्रसन्नता को मापा नहीं जा सकता या उसकी तुलना नहीं की जा सकती। प्रसन्नता अत्यधिक व्यक्तिपरक (Subjective) होती है, तो सरकार को अपने नीतिगत निर्णयों में किस प्रसन्नता पर ध्यान देना चाहिए?

(b) स्वार्थवाद/अहंवाद (Egoism)

'स्वार्थवाद' यह सिद्धांत है कि 'व्यक्ति का स्वयं' (One's Own) ही उसके अपने कार्य की प्रेरणा और लक्ष्य होता है, या होना चाहिए। स्वार्थवाद के दो प्रकार होते हैं- वर्णनात्मक (Descriptive) और मानकीय/आदर्शात्मक (Normative)। वर्णनात्मक (या सकारात्मक) संस्करण मानवीय मुद्दों के तथ्यात्मक विवरण के रूप में स्वार्थवाद की कल्पना करता है, अर्थात् लोग अपने हितों और इच्छाओं से प्रेरित होते हैं और उन्हें अन्यथा वर्णित नहीं किया जा सकता है।

- मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद (Psychological Egoism), सबसे प्रसिद्ध वर्णनात्मक स्थिति है, जो दावा करती है कि प्रत्येक व्यक्ति का एक ही अंतिम लक्ष्य होता है; इसी में उनका कल्याण निहित होता है।
- नीतिशास्त्रीय स्वार्थवाद (Ethical Egoism) का दावा है कि किसी कार्य को नैतिक रूप से सही होने के लिए यह आवश्यक और पर्याप्त है कि यह किसी के स्व-हित (Self-interest) को अधिकतम करे।

मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद और नीतिशास्त्रीय स्वार्थवाद 'है' (Is) बनाम 'चाहिए' (Ought), 'तथ्य' (Fact) बनाम 'मूल्य' (Value), या 'वर्णनात्मक' (Descriptive) बनाम 'निर्देशात्मक' (Prescriptive) के बीच के अंतर को दर्शाता है। मनोवैज्ञानिक स्वार्थवाद अवलोकनों से उत्पन्न एक वर्णनात्मक सिद्धांत है और यह कहता है कि हमारे सभी कार्य मूल रूप से स्वार्थ से प्रेरित होते हैं। यह इस बात का कोई दावा नहीं करता कि किसी व्यक्ति को कैसे कार्य करना चाहिए।

(ii) परिणाम निरपेक्षवादी या नियमवादी नीतिशास्त्र (Deontological Ethics)

नियमवाद/कर्त्तव्यशास्त्र (Deontology) (या नियमवादी नीतिशास्त्र) नीतिशास्त्र का एक दृष्टिकोण है, जो कार्यों के सही या गलत होने

पर ध्यान केंद्रित करता है। यह उन कार्यों के परिणामों की सही या गलत (परिणामवाद) या कर्ता के चरित्र और आदतों (सद्गुण नीतिशास्त्र) पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है।

'डिओन्टोलॉजी' ग्रीक शब्द "डीओन" (Deon) से उपजा है, जिसका अर्थ 'कर्त्तव्य' या 'दायित्व' होता है।

इमैनुएल कांट (Immanuel Kant)

आधुनिक दर्शन में इमैनुएल कांट (1724-1804) प्रमुख व्यक्ति हैं। उन्होंने आरंभिक आधुनिक बुद्धिवाद/तर्कवाद (Rationalism) और अनुभववाद (Empiricism) को संयोजित किया, जिसने 19वीं और 20वीं शताब्दी में दर्शन के एक बड़े हिस्से के लिए रूपरेखा स्थापित की और आज भी राजनीतिक दर्शन (Political Philosophy), सौंदर्यशास्त्र (Aesthetics), तत्त्वमीमांसा (Metaphysics), नैतिकता (Ethics) और ज्ञानमीमांसा (Epistemology) सहित कई विषयों में बहुत प्रभावशाली हैं।

दर्शनशास्त्र में काण्ट के सबसे महान योगदानों में से एक उनका नैतिक सिद्धांत 'नियमवाद/कर्त्तव्यशास्त्र' (Deontology) था, जो कार्यों का मूल्यांकन इस आधार पर करता है कि वे कार्य के परिणाम के बजाय किसी वैध नियम का पालन करते हैं या नहीं।

कांट का सिद्धांत कहता है कि भले ही आप "झूठ न बोलने" जैसे नैतिक रूप से सही नियम का पालन करते हैं और परिणामस्वरूप लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है, फिर भी, आपने सही कार्य किया है। तब से, परिणामवाद के साथ-साथ कर्त्तव्यशास्त्र, जो उपयोगितावाद को एक उदाहरण के रूप में लेता है और सद्गुण नीतिशास्त्र, जो अरस्तू के लेखन पर आधारित है, पश्चिमी परंपरा में तीन मुख्य नैतिक सिद्धांतों के रूप में उभरे हैं।

